तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

12 मोहंदीपाठ में शासकीय भूमि विवाद पर प्रशासन की पहल...



11 65 साल पुराने मरोदा स्टेशन का हो रहा कायाकल्प...





# पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 में जिले की 5 पंचायतों ने बनाई राज्य स्तर पर पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 में राज्य स्तर पर सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले शीर्ष 10 पंचायतों में बालोद जिले के 05 पंचायत झलमला, बागतराई, आनंदपुर, चिरचार एवं सोंहपुर भी शामिल है। यह सूचकांक भारत सरकार द्वारा पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 पीएआई 2.0 का स्कोर कार्ड जारी किया गया है, जो सतत विकास लक्ष्यों के 09 थीम पर आधारित है। उप संचालक पंचायत काव्या जैन ने बताया कि बालोद जिले के ग्राम पंचायत झलमला ने सभी थीम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर 78.77 अंक प्राप्त करते हुए पूरे राज्य में प्रथम स्थान एवं एवं सर्वश्रेष्ठ पंचायत का दर्जा प्राप्त किया है। इसके साथ ही गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बोरगहन (फु) ने थीम–04 पर्याप्त जल पंचायत में 90.71 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और सीईओ जिला पंचायत सुनील चंद्रवंशी ने संयुक्त जिला कार्यालय में राज्य स्तर पर इस उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ पंचायत बनने पर ग्राम पंचायत झलमला की सरपंच चुम्मन ठाकुर एवं सचिव रमेश निषाद को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त करने वाले 05 पंचायतो के सरपंच ग्राम पंचायत बागतराई की सरपंच अनिता साहू, ग्राम पंचायत आनंदपुर के सरपंच तेजराम साहू, ग्राम पंचायत चिरचार की सरपंच कचरा बाई साहू, ग्राम पंचायत सोंहपुर की सरपंच सीमा साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



### मिली सराहना

उल्लेखनीय है कि पंचायतीराज मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए पंचायत उन्नति सूचकांक पाई 2.0 पोर्टल, पंचायतों के प्रगति पर नजर रखने, हस्तक्षेपों को प्राथमिकता देने एवं पारदर्शिता बढ़ाने तथा सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु बनाया गया है। पंचायतो द्वारा 13 लाईन विभागों के 141 डाटा बिन्दुओं पर डाटा संग्रह कर सत्यापित डाटा पोर्टल में इंद्राज कराया गया था। जिसके फलस्वरूप जिले के 05 ग्राम पंचायतों को यह उपलब्धि हासिल हुई है।

## खबर संक्षेप

### कार की ठोकर से युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद**। बाईक सवार युवक को कार ने ठोकर मार दी। जिसके बाद बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद घायल युवक ने कार चालक के खिलाफ धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसाडीह निवासी कुलेश्वर कुमार ने पुलिस को बताया कि 14 जनवरी को मैं अपने मोटर साइकिल सीजी 24 डब्लू 4510 से ग्राम परसाडीह से अर्जुन्दा जाने हेतु दोपहर मे घर से निकला था, ग्राम सुरेगांव राईस मिल के पास पहुंचा था। उसी समय कार क्रमांक सीजी 24 डब्लू 9355 के चालक ने मेरे मोटर साइकिल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट करने से मैं मोटर साइकिल सहित रोड किनारे गिर गया एक्सीडेट से मेरे सिर, बांया कान में चोट आकर खून निकला था एवं बांया कंधा में चोट आया था। मुझे ईलाज हेतु शासकीय अस्पताल अर्जुन्दा ले गया था तथा अर्जुन्दा से मेडिकल कालेज राजनांदगांव एवं मेडिकल कालेज राजनांदगांव से बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी सेंटर रायपुर में भर्ती होकर ईलाज कराया हूं, अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर आया के बाद थाना आकर रिपोर्ट करा हूं।

### जिला उपभोक्ता फोरम ने मामला किया खारिज

**लाटाबोड़**। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बालोद ने मोबाइल रिपेयरिंग से जुड़े एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए परिवाद को निरस्त कर दिया। परिवादी संजय रामटेके ने स्थानीय मोबाइल दुकान के विरुद्ध मोबाइल ठीक से रिपेयर न करने और 7,500 की राशि वापस नहीं करने का आरोप लगाते हुए सेवा में कमी की शिकायत दर्ज करा कर 47500 रु की मांग किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अनावेदक की ओर से अधिवक्ता भेष कुमार साहू ने तथ्यों, दस्तावेजों और कानूनी प्रावधानों के आधार पर सशक्त पैरवी की। आयोग के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों में शिकायत कर्ता स्वयं को उपभोक्ता होना और सेवा में कमी का आरोप सिद्ध नहीं कर सका, जिस पर आयोग ने शिकायत खारिज करते हुए अनावेदक को राहत प्रदान की। अधिवक्ता साहू की तार्किक दलीलें चर्चा का विषय रहीं आयोग ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि उपभोक्ता मामलों में शिकायतकर्ता को सेवा में कमी, भुगतान और नुकसान से जुड़े ठोस प्रमाण एवं दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होता है। केवल आरोपों के आधार पर दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता। अपने सामान की मूल रसीद और सेवा संबंधी साक्ष्य फोरम में परिवाद के साथ जरूर पेश करें।

### बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए हेल्पलाइन का शुभारंभ

**बालोद**। जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों एवं उनके पालकों के किसी भी प्रकार की समस्याओं एवं जिज्ञासाओं के निराकरण हेतु हेल्पलाईन 2026 का संचालन 05 फरवरी से 17 मार्च तक किया जा रहा है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा 05 फरवरी से 17 मार्च तक सुबह 10 बजे से 04 बजे तक इस हेल्पलाईन का नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 20 फरवरी से 18 मार्च के मध्य आयोजित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने बताया कि जारी किए गए हेल्पलाईन के माध्यम से पालक एवं विद्यार्थी विषय विशेषज्ञों से संपर्क कर परीक्षा से संबंधित अपने समस्याओं का त्वरित समाधान कर सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 'हेल्पलाईन ▶▶| शेष पेज 11 पर

### मतांतरित युवक का शव दूसरे गांव में दफन, ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासन ने कराया समाधान

# डौंडी के बोरगांव-भीमाटोला में शव दफन को लेकर विवाद प्रशासन व विहिप की मध्यस्थता से सुलझा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडी





■ बिना सूचना शव दफन करने से तनाव, तहसीलदार और पुलिस की मौजूदगी में निकला समाधान

जिले के डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम बोरगांव में एक मतांतरित परिवार के युवक की मौत के पश्चात शव को दूसरे गांव में दफन करने के मामले को लेकर विवाद गहरा गया। हंगामे को देखते हुए स्थानीय शासन प्रशासन और विश्व हिन्दू परिषद ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बैठक कर मामले को सुलझाया। मिली जानकारी अनुसार डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम बोरगांव के धर्म परिवर्तन कर चुके बहुर सिंह मंडावी के 45 वर्षीय पुत्र संतोष मंडावी की बुधवार को मृत्यु हो गई। बताया गया है कि परिजनों ने गांव के जन प्रतिनिधियों को बिना जानकारी दिए, दूसरे ग्राम भीमाटोला में स्थित अपनी निजी जमीन पर बुधवार को ही शव को दफन कर दिया। गुरुवार की सुबह ग्राम भीमाटोला के ग्रामीणों को इस प्रकार से बोरगांव निवासी बहुर सिंह द्वारा अपने गांव बदले भीमाटोला की सरहद में शव को दफनने की जानकारी होते ही माहौल गर्म हो गया, बड़ी संख्या में ग्रामीण दफन की गई जगह पर पहुंचे और मृतक के पिता को बुलाकर पूछा गया तो मृतक के पिता ने अपनी जगह पर दफन करने की बात कही। जिसके बाद इसकी जानकारी शासन प्रशासन को होते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम पंचायत बोरगांव के पंचायत कार्यालय में तहसीलदार डौंडी और राजहरा थाना प्रभारी सहित दोनों गांव के सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मतांतरित परिवार की बैठक हुई।

### मूल संस्कृति में घर वापसी

दोनों गांव के ग्रामीणों के समक्ष मतांतरित परिवार ने बैठक में बिना किसी को जानकारी दिए शव को दफन करने, ग्रामीण रीति रिवाजों की अवहेलना और परंपरा अनुरूप कार्य नहीं करने की बात स्वीकार करते हुए मूल हिंदू धर्म और अपनी मूल संस्कृति में वापसी करने और ग्रामीण रीति रिवाज और धर्म संस्कृति को मानने की बात कही। उनके द्वारा ग्राम भीमाटोला के शीतला मंदिर में पूजा अर्चना करने पर मामला शांत हुआ। जिले मे इसके पुर्व हीरापुर, सनौद, जेवरतला, मुजगहन, बघमरा व अन्य गांवों में मतांतरित लोगों के शव दफन को लेकर विवाद हुआ था। इस प्रकार से मतांतरित युवक के शव को चोरी छुपे दफन करने की जानकारी मिलने पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ग्राम भीमाटोला पहुंचे और मामले की जानकारी ली, जिसके बाद ग्राम पंचायत बोरगांव में आयोजित बैठक में मतांतरित परिवार के घर वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने ग्राम बोरगांव और भीमाटोला के ग्रामीणों को बधाई दी और इसे बालोद जिले में धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने और आपसी भाई चारे को ▶▶| शेष पेज 11 पर

# अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी, महिला से ब्लैकमेलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर से वसूली

थाना बालोद क्षेत्र अंतर्गत महिला को ब्लैकमेल कर हजारो रूपये लूटने का मामला सामना आया है। जिसमे महिला ने ब्लैकमेल करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 67 एलसीजी, 296, 308(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि मेरी मौसी जो शादी होकर पुणे बीड महाराष्ट्र गई है। मौसी के देवर हम्जा शेख ने मेरी मौसी से मेरा मोबाईल नंबर लेकर 10 या 11 जनवरी 2025 को 3– 4 बार काल किया, तो मैं फोन नही उठायी, तब मुझे दुसरे नम्बर से फोन आया, उठाने पर हम्जा शेख बोला मैंने आपका मोबाईल नंबर आपकी मौसी से लिया हूं, तभी से हम्जा शेख मुझे बार– बार काल एवं मेसेज करने लगा, जिनसे करीबन 15 दिनों तक मोबाईल से बातचीत हुआ, जिसके बाद विडियो काल में बात करने लगा व मेरे लिये इंस्टाग्राम आई.डी. मोबाईल से बनाया, जिसका पासवर्ड हम दोनो के पास था, मेरे लिये बनाये इंस्टाग्राम आई.डी. को हम्जा अपने मोबाईल में भी लॉगईन कर रख था। मेरे पिताजी ने हम्जा के मोबाईल नंबर और इंस्टाग्राम आई.डी. को ब्लाक करवाये थे। कुछ दिन बाद धोखे से हम्जा का इंस्टाग्राम अनब्लाक हो गया, इसी का फायदा उठाकर हम्जा ने मुझे फिर से कॉल व विडियो कॉल करके बार बार बिना कपड़ों के अपने आप को दिखाने के लिये बोलने लगा। मैंने मना किया, तब मुझे हम्जा शेख ने इंस्टाग्राम विडियो काल में जिद किया कि अपने कपड़ो को उतार कर दिखाओ, मैं उसके दबाव में आ गई। हम्जा से 3–4 दिन बाद फोन पर बात होने पर मुझे फोन क्यों नहीं उठाती कहकर गाली दिया, जिस कारण हम्जा से बात करना बंद कर दी।

उसी दिन हम्जा शेख ने मुझे इंस्टाग्राम पर मेरा बिना कपड़ो वाला फोटो भेजा जो विडियो कॉल के दौरान स्क्रीन शॉट लिया हुआ फोटो था, उसके बाद हम्जा मेरा विडियो इंस्टाग्राम में भेजकर मुझे ब्लैकमेल करने लगा और 20,000 रूपये की मांग की। नही देने परे विडियो परिवार वालों को भेजने की धमकी दी और ▶▶| शेष पेज 11 पर

# स्कूटी की ठोकर से बाइक सवार दंपति घायल, मामला दर्ज


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ घायल का अस्पताल में इलाज जारी

शादी का सामान खरीदकर जा रहे बाईक सवार दंपत्ति को स्कूटी ने ठोकर मार दी। जिसके बाद बाइक चालक व्यक्ति घायल हो गया। जहां ईलाज के बाद घायल व्यक्ति की पत्नी ने स्कूटी चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम मुडखुसरा थाना चारामा जिला कांकेर निवासी जानकी बाई ने पुलिस को बताया कि 22 जनवरी के दोपहर मैं अपने पति लक्ष्मी नारायण सिन्हा के साथ ग्राम मुड़खुसरा से उसके मोटर साइकिल सीजी 19 बीयू 1035 में मेरी लड़की की शादी का सामान खरीदने के लिए धमतरी जाने के लिए निकले थे, ग्राम पुरूर फर्नीचर दुकान में शादी का सामान का आर्डर देकर दोपहर मे धमतरी जाने के लिए डिवाईडर पार कर रहे थे उसी समय पीछे से आ रही स्कूटी सीजी 19 बीएस 5031 का चालक आमापारा कांकेर निवासी भावेश अहीर पिता पवन अहीर ने अपने स्कूटी से मेरे पति लक्ष्मी नारायण सिन्हा की मोटर साइकिल सीजी 19 बीयू 1035 को पीछे से जोरदार ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे हम दोनो अपने मोटर सायकल सहित रोड़ पर गिर गये, एक्सीडेंट होने से मेरे पति लक्ष्मी नारायण सिन्हा के सिर, दाहिने पैर, दाहिने कंधा में चोट आया है। मुझे किसी प्रकार से चोट नहीं आई है। एक्सीडेंट होने की आवाज सुनकर हमारे आगे–आगे चल रहे देव कुमार कुलदीप व मेरी लड़की यशोदा सिन्हा अपने मोटर साइकिल रोककर वापस आये और हम दोनो व मोटर सायकल को रोड़ किनारे किये बाद एम्बुलेंस से उपचार हेतु शासकीय अस्पताल धमतरी ले जाकर भर्ती किये, जहां प्राथमिक उपचार करने पश्चात बेहतर उपचार हेतु रिफर कराकर निजी हास्पिटल धमतरी में भर्ती किये है, जिसका उपचार चल रहा है। अस्पताल से आने बाद घटना की रिपोर्ट करने आई हूं।

# गन्ने भरा ट्रैक्टर पलटा हुआ मार्ग बाधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शक्कर कारखाना ले जा रहे गन्ने से भरा ट्रैक्टर शहर के घड़ी चौक के पास पलट गया। जिससे गन्ना सड़क में बिखर गया। व्यस्ततम मार्ग होने से बड़ा खतरा था, पर घटना मे किसी के हताहत होने की जानकारी नही है। जहां गन्ने से भरा ट्रैक्टर के पलटने से यातायात प्रभावित हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को गन्ने से भरे ट्रैक्टर को करकाभाट स्थित शक्कर कारखाना ले जाया जा रहा था, इस दौरान शहर के घड़ी चौक के पास ट्रैक्टर पलट गया। जिससे मार्ग से आने जाने वाले राहगिरो को दिक्कतो का सामना करना पड़ा। जहां गन्ना मालिक द्वारा मजदूरो के माध्यम से अन्य ट्रैक्टर के माध्यम से गन्ने को ले जाने का काम किया गया। ट्रैक्टर के पलटने का मुख्य कारण ओवर लोडिग बताया जा रहा है, जहां क्षमता से अधिक गन्ना होने के कारण मोड़ में गन्ना से भरा ट्रैक्टर पलट गया, जिससे यह हादसा हुआ। वही इस हादसे में ड्राईवर सुरक्षित है तथा सुबह यह हादसा होने के कारण कोई राहगिर प्रभावित नही हुआ है।

### पुरानी रंजिश युवक से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद**। पुरानी रंजिश के चलते दो युवको ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले दो युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम फागुन्दाह निवासी राहुल साहू ने पुलिस को बताया कि हमारे गांव का मंडाई मेला का कार्यक्रम चल रहा था, मैं अपने दोस्त रोहन राव, चंद्रू निवासी उसरवारा के साथ सोसायटी के सामने लगे मेला के हॉटल से समोसा और बड़ा ले रहा था, रात्रि मे ग्राम उसरवारा निवासी पूनम व विजय जो एक माह पहले मेरे छोटे भाई अनिकेत साहू के साथ वाद विवाद हुआ था, उसी बात को लेकर मुझे गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं पूनम अपने हाथ में पहने कड़ा से व विजय ब्लेड की पत्ती से मारा है, जिससे मेरे पीछे गर्दन एवं दाहिने हाथ के कोहनी एवं कलाई में चोट आया है।

### कलेक्टर के निर्देश पर चाक-चौबंद व्यवस्था

# अतिरिक्त दिनों में धान खरीदी शुरू, पहले दिन पात्र किसानों ने उत्साह के साथ बेचा शेष धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राज्य शासन के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु 05 एवं 06 फरवरी को 02 अतिरिक्त दिवस वृद्धि करने के फलस्वरूप आज 05 फरवरी को राज्य शासन द्वारा जारी किए गए गाइडलाईन के अनुसार बालोद जिले के पात्र कृषकों ने धान उपार्जन केन्द्रों में अपने शेष धान की बिक्री की है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 के पश्चात टोकन हेतु आवेदन किया गया है परंतु इनके पास उपलब्ध धान का सत्यापन नही हो पाया है। इसके अलावा ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 फरवरी 2026 के पश्चात आवेदन किया गया है एवं सत्यापन उपरांत धान पाया गया है तथा ऐसे किसान जिन्होंने 28, 29 एवं 30 जनवरी को टोकन प्राप्त किया है परंतु किसी कारणवश अपने धान की बिक्री नही कर पाए हैं इन किसानों का धान आज 05 एवं 06 फरवरी को संबंधित धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की जा रही है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार 05 एवं 06 फरवरी को 02 अतिरिक्त दिवसों में पात्र कृषकों के शेष धान की खरीदी सुगमतापूर्वक करने हेतु चाक–चौबंद व्यवस्था की गई है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के द्वारा जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी के कार्यों का समुचित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरपी राठिया ने बताया कि आज धान उपार्जन केन्द्रों में बिक्री हेतु शेष रह गए पात्र कृषकों के धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि अंतिम दिन शुक्रवार 06 फरवरी को शासन के द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार सभी पात्र कृषकगण धान उपार्जन केन्द्रों में पहुँचकर अपनी धान की बिक्री कर सकते हैं।

### एग्रीस्टेक के तहत डिजिटल किसान आईडी अनिवार्य, योजनाओं के लाभ के लिए पंजीयन शुरू

**बालोद**। भारत सरकार द्वारा किसानों के डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनाने हेतु एग्रीस्टेक के अंतर्गत पंजीयन अनिवार्य किया है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि भविष्य में समस्त कृषि योजनाओं एवं पीएम. किसान का लाभ प्राप्त करने के लिए किसान आईडी आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि अब संयुक्त खाता धारक सभी कृषकों का अलग–अलग फार्मर डिजिटल किसान आईडी बनाना आवश्यक है। यदि भूमि रिकार्ड में एक से अधिक व्यक्तियों के नाम दर्ज है तो प्रत्येक खाताधारक को अपना स्वतंत्र किसान आईडी बनवाना होगा। डिजिटल किसान आईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, विभिन्न कृषि अनुदान, सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय एवं कृषि ऋण जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा, किसान अपना डिजिटल किसान आईडी बनवाने के लिए बी–1, आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर लेकर लोक सेवा केन्द्र अथवा सहकारी समितियों में संपर्क कर सकते है।

# पेरपार के दिव्यांग खिलाड़ी देवराम पटेल ने राज्य स्तरीय पैरा ओलंपिक में प्रथम स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के ग्राम पेरपार के दिव्यांग खिलाड़ी देवराम पटेल ने राज्य स्तरीय पैरा ओलंपिक एथलेटिक्स में आयोजित तीन खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने दिव्यांग खिलाड़ी देवराम पटेल की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त किया तथा आगामी दिनों में होने वाले खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित 16वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा ओलंपिक एथलेटिक चौंपियनशिप 2025–26 में दिव्यांग खिलाड़ी देवराम पटेल ने तीन अलग–अलग स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने अपनी शारीरिक बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए जैवलीन थ्रो भाला फेंक, डिस्कस थ्रो चक्का फेंक एवं शॉट पुट गोला फेंक में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान कर बालोद जिले को गौरावान्वित किया है।

## खबर संक्षेप



### समाजसेवी संस्थाओं को की आर्थिक मदद, पुस्तक का भी विमोचन

**दुर्ग।** नव दृष्टि फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य सत्येन्द्र राजपूत ने अपनी पत्नी शारदा राजपूत की पंचम पुण्यतिथि को यादगार बनाने एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान सामाजिक सरोकार से जुड़ी संस्थाओं में रक्तदान, देहदान, नेत्रदान, शरीर दान के लिए समर्पित नवदृष्टी फाउंडेशन को 11 हजार, मां शक्ति मंदिर समिति को मंदिर को पुनः निर्माण के लिए 11 हजार, राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ को मुख्यालय भवन निर्माण के लिए 11 हजार, कदम संस्था को पर्यावरण क्षेत्र में कार्य के लिए 11 हजार, जन समर्पण संस्था को 11 हजार और 2 ट्राइसिकल प्रदान कर समाज सेवा का संदेश दिया।पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने गमले में लगे फलदार नींबू के पौधे भी सभी उपस्थित जनों को दिया गया। दिवंगत शारदा के जीवन वृतांत, सामाजिक योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर सत्येंद्र राजपूत ने एक पुस्तक मेरी अधूरी कहानी का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में राजपूत समाज के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, पंकज भूवाल, अशोक ठाकुर, रश्मि सिंह, जनार्दन सिंह, पंकज सिंह, विनय सिंह, मनीष सिंह, अनिमेष सिंह आर्यन सिंह, आयुष सिंह, आदित्य सिंह, नवदृष्टि से कुलवंत भाटिया, राज आढतिया, रितेश जैन, हरमन दुलाई आदि मौजूद थे।

### वर्धमान गुरुकुल नगपुरा के संगीत शिक्षक खेमलाल को स्वर्ण पदक



**दुर्ग।** श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ परिसर में संचालित वर्धमान गुरुकुल नगपुरा के संगीत शिक्षक खेमलाल श्रीवास को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा 2-2 स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। बीपीए लोक संगीत में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए खेमलाल को स्व. हजारी पटेल स्मृति स्वर्णपदक एवं खुमानलाल साव स्वर्णपदक विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया। यह स्वर्णपदक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के 17 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल रमेन डेका के कर कमलों से उच्चशिक्षा मंत्री टेकराम वर्मा, अनुज शर्मा, कुलपति डॉ. लवली शर्मा की समृद्ध उपस्थिति में प्रदान किया गया। खेमलाल श्रीवास की इस उपलब्धि पर आरोग्यम् के डॉ. दानेश्वर टंडन, डॉ. आदित्य उपाध्याय, डॉ. दिव्या रात्रे, व्याख्ता खिलेश साहू, प्राचार्य गणेश देशमुख, देवकुमार निषाद, वर्धमान गुरुकुल के शिक्षकों एवं विद्यार्थीयों ने बधाई दी।

### कक्षा द्वादश के भैया बहनों का दीक्षांत समारोह मनाया

**दुर्ग।** कक्षा द्वादश के भैया बहनों का दीक्षांत समारोह सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह दुर्ग में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर दीप मंत्र के साथ किया गया। अतिथि परिचय विद्यालय की प्राचार्य कृपा शर्मा ने किया।

# सम्पवेल की सफाई और पाइपलाइन मरम्मत से दूर हुई गंदे पानी की समस्या



हरिभूमि में 3 फरवरी को प्रकाशित की गई थी खबर।

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

रायपुर नाका के हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में गंदे पानी की सप्लाई और पानी में कीड़े होने की शिकायत का निराकरण हो गया है। निगम के जलकार्य विभाग ने पहले संपवेल की सफाई की। इसके बाद लीकेज पाइपलाइन का मेंटेनेंस कराया। इसके बाद समस्या का निराकरण हो गया। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश और जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन के मार्गदर्शन में यह सुधार कार्य किया गया। इससे पहले जलकार्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने मिली शिकायत का स्थल निरीक्षण किया। टीम हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय के समीप स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पहुंची, जहां मौखिक शिकायत एवं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पानी की गुणवत्ता को लेकर हुई शिकायत की जांच की गई। जांच के बाद मेंटेनेंस का काम किया गया।

## रायपुरनाका क्षेत्र की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गंदे पानी की शिकायत का हुआ निराकरण

### घंटों की मशक्कत के बाद मिला लीकेज, कराया गया संधारण

शिकायत प्राप्त होने पर सबसे पहले कॉलोनी परिसर स्थित सम्पवेल की विधिवत सफाई कराई गई। घरों के पानी के सैम्पल लिए गए। उनका परीक्षण कराया गया। इसकी रिपोर्ट सामान्य आई। इसके बाद सम्पवेल के समीप पाइपलाइन लीकेज की शिकायत प्राप्त होने पर जलगृह विभाग के कर्मचारियों द्वारा तत्काल कॉलोनीवासियों से संपर्क कर लीकेज की मरम्मत कार्य पूर्ण कराया गया। वर्तमान में कॉलोनीवासियों द्वारा गंदे पानी अथवा पानी में कीड़े पाए जाने संबंधी कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।



### शहर में कई जगहों पर लीकेज प्रभारी ने दिए सर्वे के निर्देश

जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने बताया कि शहर के 60 वार्डों में कई जगहों पर लीकेज की समस्या है। इस समस्या के निराकरण के लिए सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद लीकेज संधारण और वॉल्व बदलने की स्वीकृति ली जाएगी। वर्तमान में करीब 20 लाख रुपए खर्च कर वॉल्व के लीकेज और राइजिंग पाइप के लीकेज का मेंटेनेंस किया जा रहा है। जर्जर पाइपलाइन को भी बदला जा रहा है।

## 13 ओवर हेड टैंक बनाए गए, लेकिन नहीं पहुंच रहा पानी, लोग परेशान

# भिलाई-चरोदा में गहराया जलसंकट, वार्ड-17 व 18 की महिलाओं ने निगम में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र में फरवरी माह आते ही पानी समस्या विकराल रूप लेनी लगी है। वाटर लेवल कम होने के कारण कई वार्डों में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे है। 13 ओवर हेड टैंक, 800 हैंडपंप और 317 बोर पंप होने के बावजूद भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र के लोग प्यासे हैं। बुधवार को पानी की समस्या से परेशान वार्ड 17 और 18 के सैकड़ों महिलाओं ने नगर निगम का घेराव करते हुए आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 17 और 18 में पानी की भारी किल्लत को लेकर आज महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। स्थायी समाधान की मांग को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं नगर निगम कार्यालय पहुंचीं और आयुक्त कार्यालय का घेराव किया। वार्ड 17 और 18 की महिलाओं ने बताया कि यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। महिलाओं का कहना है कि हर साल फरवरी माह आते ही नलों से पानी आना बंद हो जाता है। जिससे घर-घर में पानी के लिए हाहाकार मच जाता है और लोगों को मजबूरी में टैंकर, बोर और बाहर से पानी खरीदकर काम चलाना पड़ता है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने आरोप लगाया कि नगर निगम भिलाई-चरोदा द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। लोग सालों से परेशान हैं, लेकिन निगम सिर्फ आश्वासन देकर मामला टाल देता है। आक्रोशित महिलाओं ने नगर निगम और आयुक्त कार्यालय का घेराव करते हुए कहा अगर नगर निगम आम जनता की मूलभूत समस्याएं नहीं सुलझा सकता, तो दफ्तरों में ताला लगा देना चाहिए। महिलाओं ने नगर निगम को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि वार्ड 17 और 18 में पानी आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था की जाए और समस्या का तत्काल समाधान निकाला जाए। ज्ञापन सौंपने वाली महिलाओं ने अटल आवास निवासी मीनाक्षी, बिमला गोदावरी गुप्ता, मीना, रेखा सोनी, शाबाना, टी लक्ष्मी, गीता, लता, कल्पना वर्मा, चांदनी मैथिल, रामेश्वरी सहित दक्षिण वसुंधरा नगर की सुमन शुक्ला, अर्चणा रॉय, रेखा सोनवानी, रोशनी निर्मलकर आदि शामिल हैं।

## 800 हैंडपंप और 317 बोर के भरोसे सप्लाई व्यवस्था



### नल-जल योजना पर कोई काम नहीं, महापौर जिम्मेदार

वार्ड क्रमांक 20 पंचशील नगर वेस्ट की



पार्षद अपर्णा सुब्रोतो दासगुप्ता ने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में क्षेत्र में नल-जल योजना को लेकर कोई ठोस कार्य नहीं किया गया। न केवल नल-जल योजना की प्रगति शून्य रही, बल्कि भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए भी कोई प्रभावी प्रयास नहीं किए गए। उन्होंने बताया कि लगातार भूजल स्तर गिरता जा रहा है, जिससे आने वाले समय में पानी की समस्या और विकराल होने की आशंका है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा यह तय करने के लिए भी कोई स्पष्ट प्लानिंग नहीं की गई कि लोगों के घरों तक पानी कैसे पहुंचाया जाएगा। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि पानी संकट की जिम्मेदारी महापौर की है, क्योंकि उनके कार्यकाल में नल-जल योजना और जल प्रबंधन पर काम नहीं

### जल आवर्धन योजना पर कोई कार्य नहीं

नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा ने



कहा कि निगम क्षेत्र में 13 ओवरहेड टैंक, 800 हैंडपंप और 317 बोर पंप होने के बावजूद आम जनता पानी के लिए तरस रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ओवरहेड टैंक तो बना दिए, लेकिन उनमें पानी नहीं है, अधिकांश टैंक खाली पड़े हैं। वर्मा ने कहा कि वर्ष 2007-08 में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के प्रयास से स्वीकृत 103 करोड़ की जल आवर्धन योजना केवल कागजों में रह गई। नेता प्रतिपक्ष ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते भूजल स्तर बढ़ाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

### जरवाय वार्ड 4 में पानी समस्या बरकरार

वार्ड 4 जरवाय के पार्षद भूपेन्द्र वर्मा ने



बताया कि उनके क्षेत्र में सालों से पानी की समस्या बनी हुई है। इस संबंध में नगर निगम में कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। उन्होंने कहा कि हर बार सिर्फ आश्वासन दिया जाता है, जबकि समस्या जस की तस बनी हुई है। पार्षद ने बताया कि उन्होंने पार्षद निधि से बोर खनन कराकर पानी की व्यवस्था सुधारने की मांग की थी, लेकिन इसे यह कहते हुए रोक दिया गया कि क्षेत्र में ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जाएगा। हालांकि, लंबे समय से ओवरहेड टैंक निर्माण की बात कही जा रही है, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि वाटर लेवल कम होने के कारण लगातार भू-जल स्तर में गिरावट हो रही है, जिससे स्थिति गंभीर होती जा रही है।

### वाल्व सुधारने के दिए निर्देश

पानी की समस्याओं को लेकर महिलाओं ने ज्ञापन सौंपा है। वाल्व में खराबी आने के कारण नलों में पानी नहीं आ रहा था। इसे सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। शीघ्र ही लोगों को पानी मिलने लगेगा।
**-डीएस राजपूत,** आयुक्त नगर निगम भिलाई-चरोदा

# धान खरीदी का समय बढ़ाया जाना समस्या का समाधान नहीं : राकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



छत्तीसगढ़ सरकार ने धान खरीदी की अवधि 6 फरवरी तक बढ़ा दी है। कांग्रेस ने इसे किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि एक राजनीतिक दिखावा बताया है। ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यह फैसला किसी संवेदनशील सरकार की पहल नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेशभर में किए गए चक्काजाम और आंदोलन एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा लिखे गए पत्र के दबाव का सीधा परिणाम है। भाजपा सरकार किसानों को गुमराह करने का काम कर रही है। सरकार ने जो दो दिन की अवधि बढ़ाई है, वह केवल पूर्व में काटे गए टोकन पर ही सीमित है, अर्थात जो किसान जिनका धान खरीदी के अंतिम दिन 30 जनवरी तक धान बेचने टोकन कटा था लेकिन देर रात होने के कारण खरीदी नही हो पाया था, उन्हीं किसानों का धान 2 दिन तक लिया जाएगा, जबकि हजारों ऐसे किसान हैं जिनका टोकन नहीं कट पाया और आज भी वे अपनी उपज बेचने से वंचित हैं। टोकन से वंचित किसानों का धान भाजपा सरकार अभी भी खरीदने को तैयार नहीं है, जो सरकार की किसान-विरोधी सोच को साफ उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार में जरा भी ईमानदारी होती, तो टोकन की शर्त समाप्त कर सभी किसानों का धान खरीदा जाता। दो दिन की औपचारिक बढ़ोतरी कर भाजपा सरकार सिर्फ शिगूफा है, जबकि किसान आज भी मंडियों व कोचिये के चक्कर मे भटकने को मजबूर हैं।

### सरकार किसानों के हितों की रक्षा और खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध : सुरेंद्र कौशिक



**दुर्ग।** भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने धान खरीदी की समय सीमा दो दिन बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के इस संवेदनशील निर्णय से उन किसानों को अपना धान विक्रय करने का अवसर मिलेगा, जो टोकन कटने के बाद भी अपना धान नहीं बेच पाए थे। इस निर्णय से प्रदेश सरकार धान खरीदी के अपने निर्धारित लक्ष्य को भी हासिल करेगी। कौशिक ने कहा कि इस निर्णय के बेहतर परिणाम सामने आएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने धान खरीदी केंद्रो पर बारदानो एवं हमालो की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिया है ताकि किसानों को कोई भी असुविधा न हो सके।

# रिसाली के 4 वार्डों में 2.17 करोड़ से बनेगी नई सड़क, विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रिसाली निगम क्षेत्र के 4 वार्डों में 2.17 करोड़ रुपए की लागत से सड़क बनाई जाएगी। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विकास कार्य का भूमिपूजन किया।

उन्होंने सड़क मरम्मत कार्य के लिए आमजनों को श्रेय देते हुए बधाई दी। चंद्राकर ने कहा कि वे हमेशा जनहित के कार्यों को पूर्ण कराने प्राथमिकता देते हैं। वर्तमान में शहर के खराब सड़कों को सूचीबद्ध कर शासन स्तर पर कार्य को स्वीकृत कराया गया है। इसी का परिणाम है कि वे भूमिपूजन के बहाने क्षेत्रवासियों से रूबरू हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब इस क्षेत्र के नागरिकों को साफ सुथरी सड़क मिलेगी। आवागमन में सुविधा होगी। इस दौरान विधायक ललित ने आम नागरिकों से चर्चा भी की। भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सनीर साहू, पार्षद सविता ढवस, सुनंदा दिपक पप्पू चंद्राकर, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, ईश्वरी साहू, सीमा साहू, धर्मेन्द्र भगत, सरिता देवांगन, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनूपम साहू समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### महिलाओं को मिला रसोई गैस का सिलेण्डर

भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड 31 रिसाली बस्ती में उज्वला योजना के तहत गैस वितरण किया। योजना का लाभ पूनम चतुर्वेदी, संजना चतुर्वेदी, टोमिन देशमुख, विमला कुर्रे, कांती साहू, रानी गायकवाड़, हेमलता, रूखमनी गायकवाड़, सुमन शर्मा, संध्या, मंजू यादव व अंजनी यादव ने लिया। सड़कों में वार्ड 1 तालपुरी ब्लाक ए में लोटस 352 से 363 व 371 से 378 तक 41.12 लाख से सड़क मरम्मत, वार्ड 17 में शीतला तालाब से लालता प्रसाद घर व लालता प्रसाद घर से पंप हाऊस तक, वार्ड 27 मैत्रीनगर कान्हा घर से फैंसी स्टोर से व मैदान से डेंटल क्लीनिक तक 40.95 लाख, वार्ड 31 में हिंद नगर शिवाजी चौक से सुरेन्द्र देवांगन के घर तक, नंद किशोर घर लक्ष्मी नगर चैक तक 48.63 लाख से सड़क मरम्मत कार्य किया जाएगा।



### संत रविदास ने दिया है अहंकार और ईर्ष्या से दूर रहने का संदेश

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा संत रविदास की जयंती मनाई जा रही है। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेमलाल देशलहरा प्रमुख रूप से मौजूद थे। कौशिक ने कहा कि संत रविदास के विचार समानता, प्रेम, भक्ति, और सामाजिक न्याय पर केंद्रित थे, जहां उन्होंने जन्म-आधारित भेदभाव का खंडन किया, मनुष्यों की समानता पर जोर दिया, और बेगमपुरा जैसे आदर्श समाज की कल्पना की जहां कोई दुख या अन्याय न हो तथा श्रम और निष्काम कर्म को महत्व दिया। देशलहरा ने कहा कि संत रविदास ने हमेशा अहंकार, लोभ और ईर्ष्या को त्यागने और विनम्रता से जीने की शिक्षा दी। कार्यक्रम में दिलीप साहू, मनोज सोनी, गायत्री वर्मा, डॉ. देवनारायण तांडी सहित अन्य मौजूद थे।

# मालवीय नगर स्कूल का होगा कायाकल्प लगेंगे 10 कैमरे, सभागार का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- मंत्री यादव आत्मानंद स्कूल में आयोजित अभ्युदय कार्यक्रम में हुए शामिल



आत्मानंद स्कूल मालवीय नगर में अभ्युदय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्री गजेंद्र यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष अनूप गटागट ने मंत्री के समक्ष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निवेदन किया। इसमें विद्यालय के लिए सभागार, पांच कमरे, मध्यान्ह भोजन शेड, साइकिल स्टैंड, सुरक्षा व्यवस्था के लिए 10 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की गई।

साथ ही हिन्दी माध्यम में 8 तथा अंग्रेजी माध्यम में 2 शिक्षकों की पदस्थापना की मांग की। इस पर मंत्री ने आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पार्षद मनोज सोनी, ओम प्रकाश सोनी, विजय जलकारे, राजेश शुक्ला, विनोद अरोरा, हर्ष चव्हाण, पिन्दर बल, आराधना पोडे सहित अन्य मौजूद थे।

प्राचार्य जे. मनोहरण ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद संबंधी उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। गजेंद्र यादव ने कहा कि बच्चों को अपनी प्रतिभा एवं रूचि के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय की आवश्यकता को पूर्ण करने हेतू उन्होने आश्वासन दिया एवं उत्कृष्ट शिक्षा हेतू विद्यालय की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा अत्यंत सुंदर, आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। नृत्य, गीत, नाट्य एवं अन्य कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शको का मन मोह लिया।

# छग रजत महोत्सव : उपभोक्ताओं और सेवाभावी कर्मचारियों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अहिवारा संभाग एवं वितरण केंद्र अहिवारा के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया। राज्य स्थापना के 25 गौरवशाली वर्षों को समर्पित इस उत्सव में न केवल विकास की गाथा दोहराई गई, बल्कि बिजली विभाग की रीढ़ कहे जाने वाले उपभोक्ताओं और कर्मठ कर्मचारियों का सम्मान कर रिश्तों की नई मिसाल पेश की गई।

समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष, जनपद पंचायत धमधा लीमन साहू और अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अहिवारा विद्यानंद कुशवाहा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि अहिवारा सतीश साहू, अध्यक्ष, सरपंच संघ दामिनी साहू, पार्षद द्वय अनुज साहू एवं पुरुषोत्तम वर्मा एवं अध्यक्ष, सहकारी समिति अहिवारा पवन जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और उपभोक्ताओं का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।



वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों के सफर में विद्युत विभाग के योगदान को रेखांकित किया और बेहतर भविष्य का संकल्प लिया। विभाग ने विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत घरेलू, गैर-घरेलू, कृषि, सोलर एवं बीपीएल श्रेणी के कुल 25 उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही विभाग के समर्पित सेवाभावी सेवानिवृत्त कर्मचारी लाइन इंस्पेक्टर नरेश सेन को उनकी दीर्घकालीन सेवाओं के लिए शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर अधीक्षण अभियंता, दुर्ग वृत्त आरके मिश्रा, कार्यपालन अभियंता अहिवारा टीएल सहारे, सहायक अभियंता विजय बंजारे एवं कनिष्ठ अभियंता संदीप वर्मा मौजूद रहे।

# सहकारी समितियों को अन्य से प्राप्त लाभांश पर भी मिलेगी कर की कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट के बाद सहकारिता का महत्व बढ़ गया है। अब इसे नीति स्तर पर पूरी तरह स्वीकार किया गया है। स्पष्ट कानूनी मान्यता, निष्पक्ष कर व्यवस्था और लक्षित प्रोत्साहन अधिक से अधिक सहकारी समितियों को आगे आने, अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करने और पूरे देष में अधिक व्यवसाय करने के लिए प्रेरित करेंगे। अंततः इससे सहकारी आन्दोलन मजबूत होगा और सामान्य किसान समुदाय का समग्र उत्थान सुनिश्चित होगा।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंद ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि इस बजट में एक और



महत्वपूर्ण सुधार यह है कि नई कर व्यवस्था के अंतर्गत सहकारी समितियों को अन्य सहकारी समितियों से प्राप्त लाभांश पर भी कर में कटौती की अनुमति दी गई है। बशर्ते यह लाभांश आगे अपने सदस्यों को वितरित किया जाए। यह प्रावधान अत्यंत न्यायसंगत है, क्योंकि इससे सहकारी संरचना में दोहरी कराधान की समस्या समाप्त होगी। अब इस सुधार से सहकारी समितियों को अपनी आय अपने सदस्यों तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। किसानों और सहकारी समितियों की जमीनी वास्तविकताओं की गहरी समझ को दर्शाता है। ऐसा ही एक सुधार प्राथमिक सहकारी समितियों को आयकर में कटौती की सुविधा देना है, जो अपने सदस्यों द्वारा उत्पादित कपास बीज और पशु आहार की आपूर्ति करती है। कपास की खेती और डेयरी आजीविका के प्रमुख साधन है। मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सहकारी समितियों को सहकारी समिति की परिभाषा में शामिल किया गया है, जो सहकारी समितियां अधिनियम 1912 के अंतर्गत या किसी राज्य अथवा केन्द्र शासित प्रदेश में सहकारी समितियों के पंजीकरण हेतु लागू किसी अन्य कानून के अंतर्गत पंजीकृत हो।

# टाउनशिप में हेलमेट और सीट बेल्ट अब अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट और सीट बेल्ट को जरुरी कर दिया है। बीएसपी के ट्रेड यूनियन पदाधिकारियों के साथ जन-जागरूकता बैठक हुई। श्रमिक संगठनों ने अभियान में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है। ट्रैफिक नियमों के प्रभावी पालन के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। ऑपरेशन सुरक्षा को लेकर दो पहिया चालकों द्वारा हेलमेट, चार पहिया चालकों को अब सीट बेल्ट लगाना जरुरी हो गया है। इसे लेकर सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल में बैठक हुई। जिसमें कर्मचारियों, श्रमिकों में ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर ट्रेड यूनियन पदाधिकारी पहुंचे। संयंत्र परिसर एवं भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए श्रम संगठन सहयोग का आश्वासन दिया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा सेक्टर क्षेत्रों के प्रमुख चौक-चौराहों पर नियमित चेकिंग अभियान संचालित किए जाने की जानकारी भी दी। बैठक में ट्रेड यूनियन पदाधिकारियों द्वारा दुर्ग पुलिस की इस पहल का स्वागत किया। पुलिस आम नागरिकों एवं औद्योगिक संस्थानों के कर्मचारियों से अपील करती है कि वे स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग जीवन रक्षक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ व ड्रग्स पर पाबंदी लगाने टोल फ्री नंबर 1933 जारी

**भिलाई।** मादक पदार्थ और ड्रग्स के कारोबार पर पाबंदी लगाने के लिए पुलिस ने ट्रोल फ्री नंबर 1933 जारी किया है। ऑपरेशन विश्वास के साथ अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। भिलाई दुर्ग में संचालित 500 ई-रिक्शा में टोल फ्री नंबर 1933 चस्पा कर, जन-जागरूकता अभियान के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल हरि झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। दुर्ग पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि टोल फ्री नंबर पर सूचना देने वाले नागरिकों की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

### बीएसपी वरिष्ठ क्रिकेट टीम चयन स्पर्धा के लिए चयन कल

**भिलाई।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 10 से 14 फरवरी तक बोकारो में आयोजित की जा रही एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की वरिष्ठ क्रिकेट टीम के गठन के लिए क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 5 फरवरी को दोपहर 2 बजे से बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में चयन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है।

### बीएसपी को रावघाट से माल ढुलाई व यात्रियों को होगी सुविधा

# 65 साल पुराने मरोदा स्टेशन का हो रहा कायाकल्प, तीन फेस में होगा पुनर्विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पावर हाउस और भिलाई नगर के बाद शहर के तीसरे रेलवे स्टेशन मड़ौदा स्टेशन की चर्चा कम होती है। इसकी वजह इस स्टेशन से अधिकतर माल गाड़ियों की आवाजाही का होना है। पैसेंजर ट्रेनें कम गुजरती हैं। लेकिन 65 साल पुराने इस उपेक्षित स्टेशन की तस्वीर अब बदल रही है । अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मड़ौदा स्टेशन का भी कायाकल्प हो रहा है। इसका पुनर्विकास कार्य पूर्ण हो जाने से भिलाई इस्पात संयंत्र को कच्चे माल लाने में सुविधा के साथ दल्लीराजहरा जाने वाले यात्रियो को भी सुविधा होगी। रेलवे डीआरएम ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ स्टेशन को और अधिक विस्तारित व सुविधापूर्ण बनाने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी की मांडल स्टेशन योजना के तहत देश के देश 507 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इसके तहत यहां पावर हाउस और भिलाई नगर स्टेशन की तरह मड़ौदा स्टेशन का भी नवनिर्माण किया जा रहा है। 1960 में निर्मित इस स्टेशन का उपयोग मुख्य रुप से दल्लीराजहरा खदान से आयरन ओर की ढुलाई भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए करना है। विभागीय अधिकारियो के मुताबिक दस साल पूर्व तक इस रुट पर दुर्ग से दल्लीराजहरा पैसेंजर गाड़ी चलती थी। लेकिन रावघाट लाइन के विस्तार योजना से भानुप्रतापपुर,केंवटी दल्ली राजहरा और रायपुर के लिए छह पैसेंजर गाड़ियां चल रही हैं। स्टेशन का पुनर्विकास कार्य पूर्ण हो के बाद सबसे ज्यादा सुविधा भिलाई इस्पात संयंत्र को रावघाट माइंस से आयरन ओर की ढुलाई में होगी। रावघाट तक ट्रैक का विस्तार हो जाने के बाद पैसेंजर गाड़ियों की संख्या भी बढ़ने की संभावना है। मड़ौदा स्टेशन का विकास तीन फेस में होना है। अभी फेस -1 का काम करीबन पचास फीसदी हो चुका है। पिछले माह डीआरएम ने स्टेशन का दौरा कर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों व निर्मात्री एजेसी को दिए थे।

**डीआरएम ने दिए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश**





### प्रवेश द्वार, चार शेड व लगाए टाइल्स

मड़ौदा स्टेशन के पुनर्विकास के तहत इसे अधिक आकर्षक व सुविधाजनक बनाया जा रहा है। यहां एकमात्र प्लेटफार्म है जिसमें दो नए शेड निर्माण के साथ टाइल्स भी लगाए जा चुके हैं। पहले एक ही शेड था अब 4 शेड बन जाने से यात्रियों को सुविधा होगी। मुख्य प्रवेश द्वार, यात्री प्रतीक्षालय और टिकट काउंटर का निर्माण कार्य करीबन तीस फीसदी हो चुका है। सायकल स्टैंड पहले बन चुका है। बाजू में गुड्स रुम, आरपीएफ कक्ष व स्विच रुम का निर्माण भी होना है। इसके अलावा दिव्यांगों व महिलाओं के लिए टायलेट निर्माणाधीन है। महिला व पुरुष प्रतीक्षालय बनाए जाने हैं। फेस टू और फेस थ्री में प्लेट फार्म का विस्तार 85 मीटर तक किया जाना है और यहां फुटओवरब्रिज और लिफ्ट भी लगाई जाएगी। गौरतलब हो कि पिछले महीने डीआरएम ने निर्माण कार्य में तेजी ला इस स्टेशन को अधिक सुविधापूर्ण बनाने और सायकल स्टैंड, पार्किंग को विस्तारित व व्यस्थित कर बाउंड्रीवाल को और पीछे ले जाने के निर्देश निर्मात्री एजेंसी को दिए हैं।

# तीस साल सेवाएं पूरी करने वाले निगम कर्मी होंगे पदोन्नत




हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर निगम भिलाई में 30 साल की सेवाएं पूरी करने वालों को पदोन्नति मिलेगी। स्वीकृत पदसंरचना एवं विभागीय भर्ती नियम अनुसार पात्र अधिकारी एवं कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया जा रहा है। जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों का समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने के पूर्व विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया हो रही है। 5 वर्षो के गोपनीय प्रतिवेदनों की जांच कर एवं संबंधितों से पूर्ण कराकर तथा विभागीय जांच समाप्ति की स्थिति अनुसार समयमान वेतनमान का लाभ भी दिया जाएगा।

- **विभागीय जांच समिति कर रही है कर्मियों की गोपनीय प्रतिवेदनों की जांच**

#### दिव्यांग कर्मियों को आरक्षण

निगम द्वारा विकलांग कर्मचारियों को स्वीकृत पदसंरचना पदोन्नति कोटे के उपलब्ध पदों पर शासन द्वारा निर्धारित विकलांग कर्मचारियों के आरक्षण अनुसार पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति दी जाएगी। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को संयुक्त वरिष्ठता सूची के आधार पर पात्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वर्ष 2008 से अब तक लगभग 50 कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है।

#### पदोन्नति समिति की बैठक अनुशंसा

विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक 9 जनवरी को हुई थी। समिति के अनुशंसा अनुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर 1 एवं सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर 2 कर्मचारियों की पदोन्नति आदेश जारी की गई है। भविष्य में रिक्त होने वाले पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही की जाएगी। जनवरी 2025 से दिसम्बर 2025 तक निगम मद में राशि उपलब्धता के आधार पर नगर पालिक निगम, भिलाई से सेवानिवृत्त हुये अधिकारी एवं कर्मचारियों के देय स्वत्वों का भुगतान किया जाता है। निगम के सेवानिवृत्त एवं मृतक अधिकारी एवं कर्मचारियों के उपादान भुगतान 1085.36 लाख की संचित निधि से आहरित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिसके परिपालन में निगम द्वारा वर्ष 2018 से 2024 तक 209 सेवानिवृत्त एवं मृतक अधिकारी एवं कर्मचारी का उपादान 1085.36 लाख भुगतान किया गया है।

## पेज 9 के शेष

### मूल संस्कृति में घर ....

खत्म करने वालों के मुंह पर इसे एक करारा तमाचा बताया। इस मामले को लेकर प्रमुख रूप से जनपद सदस्य शिवप्रसाद बारला, भीमाटोला के ग्राम पटेल उदय राम, सरपंच ग्राम पंचायत बोरगांव देवकी बाई, उपसरपंच जनक मरकाम, जीत राम, गुलाब कुमार, गीता तिवारी, सुशीला मंडावी सहित सैकड़ों ग्रामीण बैठक में उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बालोद बलराम गुप्ता ने इस मामले पर कहा कि ग्रामीणों का विरोध जायज है। हिंदू भूमि पर दूसरे धर्म के लोगों को अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं मिलना चाहिए। ईसाई मिशनरियों के लोग भोले भाले लोगों का मतांतरण व धर्मांतरण कर हिंदू धर्म को कमजोर करने की साजिश तो कर रहे हैं। लेकिन मतांतरण के बाद ऐसे परिवारों को दुःख के समय में अकेला छोड़ देते हैं। मतांतरित परिवार का हिंदू धर्म में स्वागत है। उन्होंने अपनी मूल संस्कृति व धार्मिक मान्यताओं पर पुनः विश्वास जताया है।

### महिला से अश्लील वीडियो ...

अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में विडियो को डाल दिया, जिसे मैं देखकर हम्जा से हांथ पांव जोड़कर इंस्टाग्राम स्टोरी से विडियो को डिलिट करवायी, जिसके लिये मुझे 50,000 रूपये की मांग की। मेरे पास पैसा नही है बोलने पर जितना है उतना रूपया भेजो कहने पर मैं हम्जा के मोबाईल मे 10 अगस्त 2025 को 490 रूपये एवं 21 अगस्त 2025 को 500 रू. हम्जा के मोबाईल मे डलवायी हूं। 27 जनवरी 2026 की रात मे इंस्टाग्राम में हम्जा शेख ने मेरे इंस्टाग्राम अकाउंट में मेरी अश्लील विडियो वायरल कर मुझे बदनाम कर रहा है।

### बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए ...

2026' हेतु विषयवार सूची जिले के प्राचार्य गुरप में शेयर कर दी गई है। तिवारी ने कहा कि विद्यार्थीगण परीक्षा से संबंधित तनाव आदि समस्याओं के निराकरण हेतु जिला चिकित्सालय बालोद के मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके श्रीमाली 9424296048 से संपर्क कर सकते हैं।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### श्री शिव महापुराण कथा 7 फरवरी से



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम कजराबांधा चाराचार के साहू सामुदायिक भवन में 7 से 13 फरवरी तक सरस संगीत मय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन स्थानीय साहू परिवार द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें युवा कथा वाचक पंडित अमित सरस भारती झा ओंकारेश्वर शिव मंदिर पलारी होंगे। पंडित अमित सरस भारती झा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक भगवान महादेव शिव शंकर जी की कथाओं का रसपान कराऐंगे।

### जिला अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण व अधिवक्ता सम्मान समारोह कल

**बालोद।** जिला अधिवक्ता संघ बालोद द्वारा शपथ ग्रहण एवं अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन 07 फरवरी को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बालोद में किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि सदस्य छ.ग. राज्य विधिज्ञ परिसद् बिलासपुर बादशाह प्रसाद सिंग होंगे। अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला न्यायालय बालोद नवरत्न करेंगे। विशेष अतिथि न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बालोद योगेश पारीक, सदस्य छ.ग राज्य विधिज्ञ परिशद् बिलासपुर विराट वर्मा, सदस्य छ.ग. राज्य विधिज्ञ परिशद् बिलासपुर उत्तम चंदेल होंगे। जिसमे 35 वर्षो से व्यवसायरत अधिवक्ता बालोद देवेन्द्र कुमार साहू, अधिवक्ता दल्लीराजहरा अरविंदर कौर संधु, अधिवक्ता बालोद बालमुंकुंद अग्रवाल, अधिवक्ता दल्लीराजहरा पवन कुमार गोयल, अधिवक्ता बालोद मो. रियाजुद्दीन कुरैशी का सम्मान किया जाएगा।

### ग्राम गोड़ेला में मेला मड़ई कल

**बालोद/निकुम।** ग्राम गोड़ेला में 7 फरवरी शनिवार को मेला मंडई का आयोजन किया गया है। जिसमें गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद की अनुशंसा व समस्त ग्रामवासी गोड़ेला के सहयोग से छत्तीसगढ़ी नाचा की प्रस्तुति रात्रि 9 बजे होगी। यह जानकारी ग्राम सरपंच वागीश बंजारे ने दिया।

### दो दिनी संगीतमय मानस गान प्रतियोगिता 7 से

**बालोद/निकुम।** आशीर्वाद युवा मंडल एवं ग्रामवासी बम्हनी के तत्वाधान में दो दिवसीय संगीतमय मानस गान प्रतियोगिता ठाकुर देव चौक कला मंच बम्हनी में 7 व 8 फरवरी रविवार को आयोजित की गई है। जिसमें में प्रथम पुरस्कार 4001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2501 रूपये, पंचम पुरस्कार 2001 रूपये, षष्ठम पुरस्कार 1501 रूपये एवं सप्तम पुरस्कार 1001 रुपए रखा गया है। इसी प्रकार महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, वही अंतिम पंचम पुरस्कार 1001 रुपए दिया जायेगा। यह जानकारी समिति अध्यक्ष कुलदीप पटेल व राकेश देवांगन ने दिया।

### चिट्टा के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** अवैध रूप से चिट्टा रखने वाले युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि सी. मार्केट पावर हाउस भिलाई के पास मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) बेचने वालो युवक यहां सक्रिय है। मौके पर पहुंची पुलिस ने अरमान अंसारी नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 4 ग्राम हेरोइन जब्त किया। जिसकी कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**विवाद : अर्जुंदा थाना परिसर में हुई शांति बैठक, शासकीय भूमि पर निर्माण पर रोक**

# मोहंदीपाठ में शासकीय भूमि विवाद पर प्रशासन की पहल, शांति वार्ता के बाद बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



■ आपसी सद्भाव का लिया संकल्प

अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहंदीपाठ में सर्व समाज समस्त ग्रामीण व समाज के एक पक्ष में बीते 23 जनवरी को विवाद हो गया था। ग्राम मे शासकीय भूमि पर सामुदायिक भवन बनाने भूमि पूजन को लेकर दोनो पक्षों मे बढ़ते तनाव व माहौल बिगड़ते देख ग्राम सभा का आयोजन ग्राम मोहंदी पाठ में किया गया, लेकिन विवाद और बढ़ गया।

मामले की गंम्भीरता को देखते हुए ग्राम पंचायत सरपंच दीपा ठाकुर और पंचायत प्रतिनिधियों ने अर्जुंदा थाना और तहसीलदार को शांति समझौता करने पत्र सौपा था, जिस पर अर्जुंदा थाना परिसर में अर्जुन्दा तहसीलदार चंद्रशेखर चंद्राकर, नायब तहसीलदार बी रूद्रपति, थाना प्रभारी अर्जुन्दा जोगेंद्र साहू ने देवांगन समाज के प्रमुख सेत लाल देवांगन व और सर्व समाज, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष पोषण देवांगन और प्रमुख के पूर्व सरपंच मुकेश साहू के दस दस सदस्यों की प्रतिनिधियों की समिति के साथ बैठकर दोनों की बातों को सुना। मौके पर ही सभी दोनों पक्ष को तहसीलदार चंद्रशेखर चंद्राकर ने कहा कि गांव में सब मिलकर रहे, आपसी प्रेम भाव से रहे, क्योंकि उस विवादित शासकीय भूमि को किसी भी समाज को प्रशासन ने भूखंड आवंटित नहीं किया है। इसलिए कोई भी समाज और सर्व समाज फिलहाल उस शासकीय जमीन पर किसी प्रकार का भवन नहीं बना सकता। सर्व समाज व ग्राम विकास समिति मोहंदीपाठ अध्यक्ष पोषण देवांगन ने बताया कि पूर्व में मोहंदीपाठ में भी सभी ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय दिया कि उसे विवादित जगह पर किसी प्रकार की नई बिल्डिंग व सामाजिक भवन नहीं बनेगा। गौर हो कि उस जगह पहले से ही सामुदायिक भवन बन चुका है, जिसमें राशन दुकान संचालित हो रहा है, मोहंदीपाठ मे पहले से ही सभी समाज के पास सामुदायिक भवन व देवांगन समाज बाहुल्य होने के आधार पर सामुदायिक भवन भी है, वही गांव में सामुदायिक भवन है, जिसमें सभी प्रकार के धार्मिक, मांगलिक, पारिवारिक कार्य शुरू से सद्भावना से हो रहे हैं, अधिकारियों व अर्जुंदा पुलिस ने सजकता के साथ थाना परिसर में शांति वार्ता किया, जिसके कारण अधिकारी व सर्व समाज ग्रामीण, देवांगन समाज प्रतिनिधि दोनों संतुष्ट होकर गांव में शांति के साथ रहने का संकल्प लिया।

ग्राम मोहंदी पाठ सरपंच दीपा ठाकुर ने भी कहा किसी भी समाज व सर्व समाज उस विवादित जगह पर किसी प्रकार का भवन नहीं बनाएगा, क्योंकि मोहंदी पाठ अंचल का बड़ा गांव होने के कारण निकट भविष्य में शासकीय कार्य के लिए शासकीय अस्पताल व अन्य शासकीय भवन सहित कई शासकीय योजनाओं के लिए जमीन सुरक्षित रखेंगे। थाना प्रभारी जोगेंद्र साहू ने कहा कि सभी ग्रामीण एक दूसरे के पूरक है, सभी मिलजुल कर काम करें, सभी ग्रामीण एकता, सद्भावना से रहकर गांव में मिल जुल कर विकास करें, इस बैठक में ग्राम से पहुंचे ग्राम की वरिष्ठ जन एवं सामाजिक जनों ने इस बैठक के निर्णय को सराहा।

## खलारी के अध्यात्म व समागम में गुहाराम सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

ग्राम खलारी में अध्यात्म एवं साहित्य का संयुक्त समागम में तुलसी मानस प्रतिष्ठान के तहसील अध्यक्ष सेवा निवृत्त शिक्षक गुहा राम साहू को उनके रामचरितमानस के प्रचार प्रसार के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मानस व्याख्या कार वक्रतुंड मानस परिवार के त्रेता चंद्राकर, श्री कृष्ण मानस मंडली के लिलार सिन्हा, हरिओम मानस परिवार के बलराम साहू, वंदना मानस परिवार के वंदना साहू, संगम मानस मंडली के त्रिभुवन साहू, संगीतकार राकेश साहू, तिलक धनकर के साथ ही साहित्यकार शिवकुमार अंगारे, केशव राम साहू, रमेश यादव, माखनलाल साहू उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित कवियों ने बसंत ऋतु में उमंग, उल्लास, प्रकृति चित्रण के साथ सकारात्मक ऊर्जा पर कविता पाठ किया। वहीं मानस व्याख्याकारों ने मानव जीवन में सुख शांति एवं समृद्धि के लिए माता–पिता द्वारा बचपन में बच्चों को दिए गए संस्कार के बीज एवं अनुशासन को आधार बताया, रामचरितमानस के सभी प्रसंग से सुखमय जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू, यशप्रभा साहू, पारबती साहू,थान सिंह, भूपेश कुमार, रुपेश कुमार, थलेश साहू, योगेश्वर साहू, दाताराम साहू, नाथूराम, तोष कुमार गजपाल, कमार सिंह, हेमन्त साहू, मुरलीधर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## धान खरीदी के लिए दो दिन का अतिरिक्त समय, भाजपा सरकार की उदारताः सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सरकार द्वारा किसानों के हित में फैसले लेते हुए दो दिन धान खरीदी करने का निर्णय लेने पर जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजयसाहू, सरपंच कनेरी, दिनेश्वरी, जनपद सदस्य संध्या अजेन्द्र साहू ने भाजपा सरकार को किसान हितैशी सरकार बताते हुए इस फैसले का स्वागत किया है।

जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय सहू ने कहा है कि वर्तमान सरकार किसानो के प्रति समर्पित सरकार है, जो किसानो की समस्याओ को देखते हुए उनकी समस्याओ को हल करने का काम करती है। भाजपा सरकार ने धान खरीदी के लिए दो अतिरिक्त दिन देकर किसानो के मेहनत का सम्मान किया है। उन्होने कहा सरकार के इस निर्णय से धान बेचने के लिए बचे हुए किसान अपना धान आसानी से बेच पाएंगे तथा किसानो को दिक्कतो का सामना नही करना पड़ेगा। यह फैसला भाजपा सरकार के किसान हितैशी फैसले को दर्शाती है। उन्होने कहा कि धान बेचने के लिए बचे किसानो की समस्याओ को देखते हुए भाजपा की सरकार ने दो अतिरिक्त दिन करके किसानो की सबसे बड़ी समस्या दूर कर दी है।

उन्होने कहा कि जिले में धान बेचने के लिए बचे किसानो की समस्याओ को हल करने के लिए सरकार ने दो अतिरिक्त दिन देकर किसानो की समस्याओ का हल कर दिया है। उन्होने कहा धान बेचने के लिए बचे किसानो की जानकारी मिलते ही भाजपा सरकार ने खरीदी की समाप्ति हो जाने के बाद भी दो अतिरिक्त दिन देकर यह साबित कर दिया कि सरकार किसानो के हित मे फैसले लेने के लिए बनी है।

## देवांगन समाज ने मां परमेश्वरी जयंती मनाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

मंडल स्तरीय मां परमेश्वरी जयंती समारोह का आयोजन देवांगन समाज द्वारा रानीतराई में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू थे। विशेष अतिथि समाजसेवी नारद साहू, मंडल संरक्षक विजय देवांगन, सरपंच ग्राम पंचायत रानीतराई सत्यनारायण टिकरिया, नरेंद्र देवांगन, गजेंद्र देवांगन, सीताराम देवांगन, रामलाल देवांगन, संतोष साहू अतिथि मंच पर मंचासिन रहे। देवांगन समाज ने मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना पश्चात अतिथियों का भव्यता के साथ स्वागत किया।

जिला सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि देवांगन समाज मेहनतकश, मिलनसार और व्यवसाय पर अच्छी पकड़ रखने वाला जागरूक समाज है। मां परमेश्वरी की जयंती मनाकर अपनी इष्ट देवी को विशेष श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावी पीढ़ी में संस्कार का बीजारोपण करते है।

इस अवसर पर देवांगन समाज के पदाधिकारी दिलीप देवांगन, बिरेंद्र देवांगन, हितेश देवांगन, राधेश्याम देवांगन, धनुराम देवांगन, ठाकुरराम देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन, राजेश देवांगन, लोमस, होमलाल, विजय, रामखिलावान, रामलाल, कुसुम देवांगन, अर्चना देवांगन, लीला देवांगन, कोमल देवांगन धनेश्वर देवांगन सहित समस्त देवांगन समाज ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बालोद टेक्नोफेस्ट के टॉप टेन विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत बालोद टेक्नोफेस्ट के टॉप टेन प्रतिभागी छात्र–छात्रओं को हरी झण्डी दिखाकर शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने शैक्षणिक भ्रमण हेतु बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत बालोद टेक्नोफेस्ट में भाग लेने वाले जिले के टॉप टेन छात्र–छात्रएं नागपुर स्थित रमन विज्ञान केन्द्र, महाराजाबाग जू और रेल संग्रहालय का भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर एपीसी. समग्र शिक्षा सहित अधिकारी–कर्मचारी एवं शिक्षक–शिक्षिकागण उपस्थित थे।



### ग्राम थनौद में तीन दिनी संकीर्तन कथा 6 मार्च से

**अंडा।** ग्राम थनौद में आगामी 6, 7 एवं 8 मार्च 2026 को भव्य तीन दिवसीय संकीर्तन कथा का आयोजन किया गया है। यह धार्मिक आयोजन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम स्थल गौठान, शिवधाम, शीतला मंदिर के पास निर्धारित किया गया है। इस पावन अवसर पर रामकथा, श्याम कथा एवं शिव कथा का भावपूर्ण वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री कामता प्रसाद शरण जी द्वारा किया जाएगा।

वहीं मूर्तिकार राधेश्याम चक्रधारी द्वारा धार्मिक भावनाओं को साकार किया जाएगा। यह आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य रूप में संपन्न होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है। हमर पहुना के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, शिक्षक मंत्री गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे, जिला पंचायत दुर्ग की सभापति सुश्री प्रिया साहू, जनपद सदस्य संगीता साहू, केशव बंटी हरमुख , मेनका दिनेश देशमुख सरपंच, अंजोरा दुर्ग, दिनेश देशमुख तथा माखन साहू की उपस्थिति संभावित है। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# गैंगरेप के फरार आरोपियों की कुंडली खंगाल रही पुलिस, राजू कश्यप की संपत्ति की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई







नाबालिग के साथ अनाचार और गैंगरेप के मामले में जिले के तीन रसूखदारों को पुलिस अब तक नहीं पकड़ पाई है। खबर है कि आरोपियों को पहले से ही पुलिस की कार्रवाई की जानकारी हो गई थी। इसके कारण ही पुलिस में अपराध दर्ज होते ही आरोपी भाग निकले।

पुलिस सूत्रों की मानें तो सांसद के निज सहायक रहे नेहरू नगर निवासी भीमनारायण पाण्डेय, सेक्टर 5 निवासी कृपा शंकर उर्फ राजू कश्यप और वैशाली नगर निवासी ठेकेदार संजय पंडित को महिला पुलिस थाने से अपराध दर्ज होने की जानकारी पहले मिल गई थी। एक महिला पुलिस कर्मी ने इसकी जानकारी आरोपियों को लीक कर दी थी। इसके बाद से तीनों रसूखदार फरार हैं। एसएसपी विजय अग्रवाल ने इस तरह की किसी भी बात से इंकार किया है। पीडब्ल्यूडी विभाग के बड़े अफसर पर भी अनाचार के गंभीर आरोप दो-तीन साल पहले लग चुका है। इसके अलावा नाबालिग के साथ अनाचार का मामला सुर्खियों में आने के बाद विभाग के अधिकारियों से लेकर कर्मी तक की सांसे फूल रही है। आरोपी बीएन पाण्डेय, राजू कश्यप और संजय पंडित के संपर्क में पीडब्ल्यूडी के कई कर्मी हैं। कर्मियों के मोबाइल नंबर को ट्रेस कर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि घटना में कुछ आरोपियों को सरकारी गवाह बनाने की तैयारी है। बीएन पाण्डेय, राजू कश्यप और संजय पंडित रसूखदारों में गिनती में आते हैं।

जानकारी के मुताबिक आरोपी पीडब्ल्यूडी टाइम कीपर राजू कश्यप ने जब युवती 22 साल की हुई तो उसे शादी करने का भी झांसा दिया था। युवती पीडब्ल्यूडी में डेलीविजेस में काम लगाया गया। फिर उसे काम पर आने के लिए मना कर दिया गया। युवती को 15 दिनों का वेतन दिया जाता था। उसके बाद 15 दिन का अफसर खुद ही रकम हजम कर लेते थे।

### संजय पंडित पीडब्लूडी का बड़ा ठेकेदार

पुलिस ने बताया कि आरोपी राजू कश्यप का करोड़ों रुपए का कारोबार जिले में फैला रखा है। बिलासपुर में भी कई जमीन होने की जानकारी मिली है। इसके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच भी चल रही है। इस तरह के अपराधियों को पुलिस में इनके कई आका हैं, इस तरह के पुलिस कर्मियों की भी जांच होनी चाहिए। संजय पंडित पीडब्ल्यूडी का बड़ा ठेकेदार है। बीएन पाण्डेय, राजू कश्यप और संजय पंडित की इतनी तगड़ी तिकड़ी है कि कुछ भी काम तीनों मिलकर ही करते आए हैं। बहरहाल पुलिस इन तीनों को कुंडली खंगाल रही है। मामले में जल्द ही बड़े खुसाने की आशंका जताई जा रही है।

## आईआईटी भिलाई ने गंदे पानी को साफ करने नई तकनीक की विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आईआईटी भिलाई के वैज्ञानिकों ने एक नई पर्यावरण-अनुकूल सामग्री विकसित की है, जो दूषित पानी से हानिकारक प्रदूषकों को हटाने में मदद कर सकती है।औद्योगिक कचरे के कारण पानी का प्रदूषण भारत में एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जिससे साफ और सुरक्षित पानी तक पहुँच दिन-प्रतिदिन कठिन होती जा रही है। जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के समर्थन में कौशिक माहात, निशिकांत सिंह, दुर्गेश कुमार सिन्हा, स्वरूप मैती और डॉ. संजीब बेनार्जी की शोध टीम ने यह अमीनो अम्ल-आधारित हाइड्रोजेल तैयार किया है। इस सामग्री की खास बात यह है कि यह कमरे के तापमान पर अपने-आप बन जाती है और इसमें किसी भी हानिकारक रसायन या उत्प्रेरक की आवश्यकता नहीं होती। इससे यह प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, सरल और टिकाऊ बनती है। यह शोध कार्य विश्व-प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय पत्रिका वेली वीसीएच में भी प्रकाशित हुआ है।

**बीएलओ पहुंच रहे मतदाताओं के घर, आधी अधूरी जानकारी ने बढ़ाई परेशानी**

# एसआईआर को लेकर दिक्कत बरकरार, 13 तक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ नोटिस पहुंचने से मतदाता संशय में, निराकरण नहीं

मतदाता सूची 2003 का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। लगातार लोग प्रशासनिक दफ्तर और रिटर्निंग अफसरों के चक्कर काट रहे हैं। बावजूद इसके उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। खास बात यह है कि उन्हें स्पष्ट जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। बता दें कि पहले जिला निर्वाचन ने 2003 और 2025 की स्थिति के मतदाता परिचय पत्र लिए, जिनके पास 2003 के मतदाता परिचय पत्र नहीं थे, उनके पिता, जन्म प्रमाण से लेकर अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों को जमा लिया गया। इसके आधार पर पात्र-अपात्र की सूची जारी की गई। वर्तमान में जिन मतदाताओं को पात्र मान लिया गया था, उनमें से अधिकांश लोगों को नोटिस भेजा जा रहा है। इसमें कहा जा रहा है कि 2003 और 2025 की मतदाता सूची में दर्ज नाम में अंतर है। राज्य निर्वाचन ने 29 जनवरी को इसे लेकर आदेश जारी किया है, इसके अंतर्गत ऐसे लोगों को बुलाकर उनके नाम का सत्यापन किया जाना है। इस वजह से नोटिस जारी जा रहा है। मतदाता परेशान हो रहे हैं। इधर 13 फरवरी तक मतदाता सूची का सत्यापन किया जाना है। इस वजह से लोगों की चिंता बढ़ गई है।



### 21 फरवरी को होना है मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

बता दें कि 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और सर्वोच्च न्यायालय के 29 जनवरी 2026 के आदेश के परिपालन में दुर्ग जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार जिन मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में आए हैं, वे 13 फरवरी तक अपना सत्यापन अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विसंगति की श्रेणी में आने वाले मतदाताओं के नाम ग्राम पंचायत भवनों, तहसील कार्यालयों, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों और शहरी क्षेत्रों में वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित कर दिए गए हैं। मतदाता इन स्थानों पर जाकर सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः- स्लीपर -21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411